SUN Bucks 2026 के लिए सामान्य जानकारी

SUN Bucks प्रोग्राम क्या है?

गर्मियों में जब स्कूल बंद होते हैं, तब SUN Bucks प्रत्येक योग्य बच्चे के लिए परिवारों को किराने का सामान खरीदने के लिए $120 प्रदान करता है। SUN Bucks कार्ड उन स्थानों पर स्वीकार किए जाते हैं जहाँ CalFresh EBT कार्ड स्वीकार किए जाते हैं। **SUN Bucks प्राप्त करने से आपके परिवार की इमीग्रेशन स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।**

SUN Bucks 2026 के लिए स्वचालित नामांकन

6-18 वर्ष की आयु के वे बच्चे जो CalFresh, CalWORKs, और/या Medi-Cal प्राप्त करते हैं और जिनकी आय संघीय गरीबी स्तर (FPL) के 185% या उससे कम है, उन्हें स्वतः ही SUN Bucks मिलेंगे। जो विद्यार्थी सार्वजनिक लाभ में भागीदारी या प्रवासी, बेघर, या पालक बालक की स्थिति के आधार पर मुफ्त या रियायती मूल्य के स्कूल भोजन प्राप्त करने योग्य हैं, उन्हें भी SUN Bucks स्वचालित रूप से मिलेंगे।

SUN Bucks कैसे प्राप्त करें?

यदि आपका बच्चा स्वतः ही SUN Bucks में नामांकित नहीं होता है, तो आपको यह देखने के लिए कि क्या आप पात्र हैं या नहीं, **31 अगस्त, 2026** तक अपने बच्चे के स्कूल या ज़िले में एक आवेदन जमा करना होगा।

वे विद्यार्थी जो सार्वजनिक सहायता प्राप्त नहीं करते हैं और जिन्हें उनके स्कूल द्वारा प्रवासी, बेघर, या पालक बालक के रूप में चिन्हित नहीं किया गया है, को अपनी SUN Bucks पात्रता निर्धारित करवाने के लिए आवेदन देना **अनिवार्य** है। स्कूल में मुफ़्त भोजन प्राप्त करने से SUN Bucks नामांकन की गारंटी **नहीं मिलती**।

जिन बच्चों को Medi-Cal मिलता है, उन्हें SUN Bucks अपने आप तभी मिलेगा जब उनके परिवार की आमदनी FPL के 185% या उससे कम होगी। उदाहरण के लिए, वे बच्चे जो Medi-Cal और पूरक सुरक्षा आय (SSI/SSP), गोद लेने में सहायता (AAP), रिश्तेदारी अभिभावक सहायता भुगतान (KIN GAP) नकद सहायता या पालक देखभाल (FC) प्राप्त करते हैं, उन्हें आवेदन करना होगा क्योंकि इन परिवारों का Medi-Cal FPL के 185% या उससे कम पर प्रमाणित नहीं होता है। अगर आप सुनिश्चित नहीं हैं, तो आवेदन करें।

दोस्ताना अनुस्मारक:

- **क्या आपने हाल ही में घर बदला हैं?** अपने बच्चे के स्कूल या स्कूल प्रशासक के कार्यालय में अपने स्थानीय काउंटी सामाजिक सेवा कार्यालय, या BenefitsCal.com पर **अपनी संपर्क जानकारी अपडेट** करें ।
- **SUN Bucks कार्ड से संबंधी किसी भी समस्या की रिपोर्ट SUN Bucks की हेल्पलाइन (877) 328-9677 पर करें।** एक परिवार प्रति बच्चे एक से अधिक SUN Bucks कार्ड नहीं प्राप्त कर सकता, या एक से अधिक राज्यों से SUN Bucks प्राप्त नहीं कर सकता है।
- **कार्ड पर लोड होने के 122 दिन बाद SUN Bucks की वैधता समाप्त हो जाती है।** परिवारों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे CalFresh लाभों से पहले अपने SUN Bucks को खर्च करें। www.ebtedge.com पर अपनी बकाया राशि की जांच करे।

अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं?

- www.cdss.ca.gov/sun-bucks पर जाएँ या QR कोड स्कैन करें।

यह संस्थान एक समान अवसर प्रदाता है। SUN Bucks को संयुक्त राज्य अमेरिका के कृषि, खाद्य एवं पोषण सेवा विभाग द्वारा वित्तपोषित किया जाता है।
2026 | अधिक जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ: www.fns.usda.gov/summer.
www.cde.ca.gov/ls/nu/sf | SUNBucks@dss.ca.gov